संख्या- 118/2023/1737/छप्पन-2023-56-1002(002)/1/2023

प्रेषक,

कुमार हर्ष,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 21 दिसम्बर, 2023

विषय: नागरिक उड्डयन निदेशालय स्थित वी0आई0पी0 लाउन्ज में निर्मित किचन का विस्तार, बाथरूम, एवं सिक्योरिटी कक्ष का नवीनीकरण (Renovation) तथा हँगर नं0-1 के कार्यालय कक्षों के छतों की वाटर प्रूफिंग का कार्य तथा नागरिक उड्डयन निदेशालय की आवासीय कालोनी हिन्दनगर, लखनऊ के टाइप 1,2,3 और 4 आवासों में नमी का निदान और अन्य विशेष मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 261/CADUP/2023-24 दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नागरिक उड्डयन निदेशालय स्थित वी0आई0पी0 लाउन्ज में निर्मित किचन का विस्तार, बाथरूम, एवं सिक्योरिटी कक्ष का नवीनीकरण (Renovation) तथा हँगर नं0-1 के कार्यालय कक्षों के छतों की वाटर प्रूफिंग का कार्य तथा नागरिक उड्डयन निदेशालय की आवासीय कालोनी हिन्दनगर, लखनऊ के टाइप 1,2,3 और 4 आवासों में नमी का निदान और अन्य विशेष मरम्मत कार्य ई-निविदा के माध्यम से चयनित न्यूनतम दर वाली फर्म M/s Gomdhari, 5/935-Viram Khand, Gomati Nagar, Lucknow से कराए जाने पर होने वाले व्यय रू0 62,31,862.66 जिस पर जी0एस0टी0 18 प्रतिशत की दर से रू0 11,21,735.27 को सम्मिलित करते हुए कुल रू0 73,53,598.00 (रूपए तिहत्तर लाख तिरपन हजार पाँच सौ अट्ठानबे मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 में यह उल्लेख किया गया है कि इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-38 के राजस्व लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03 नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-29 अनुरक्षण में प्राविधानित धनराशि से वहन किया जाएगा।

3- अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या 52/2023/464/छप्पन-2023-56-1002-001-1-2022 दिनांक 11 अप्रैल, 2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में नागरिक उड्डयन की अनुदान संख्या-38 के राजस्व पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय एवं राजस्व लेखाशीर्षक 2203-तकनीकी शिक्षा-105-बहुशिल्प विद्यालय-03-एयरक्राफ्ट मेन्टीनेंस ट्रेनिंग संस्था का सुदृढ़ीकरण तथा 3053-नागर विमानन-02-विमानपत्तन 102-हवाई अड्डा-03-हवाई पट्टियों का अनुरक्षण हेतु प्राविधानित धनराशि

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

रू0 5295.27 लाख (रूपए बावन करोड़ पंचानवे लाख सत्ताईस हजार मात्र) की धनराशि के व्यय हेतु निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग के निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त में अनुदान संख्या-38 के राजस्व लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03 नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-29 अनुरक्षण में प्राविधानित धनराशि रू0 100 लाख भी सम्मिलित है।

4- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 द्वारा किए गए अनुरोध के दृष्टिगत Renovation के प्रस्तावों का विधिवत Appraisal करने व विधिवत प्रकिया अपनाते हुए धनराशि रू0 73,53,598.00 (रूपए तिहत्तर लाख तिरपन हजार पाँच सौ अट्ठानबे मात्र) व्यय करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

भवदीय,
कुमार हर्ष
विशेष सचिव

संख्या- 118/2023/1737(1)/छप्पन-2023, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कुमार हर्ष
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।